






## खबर संक्षेप

### मादक पदार्थ गांजा सहित महिला को पकड़ा

**झज्जर।** पुलिस की एक टीम द्वारा मादक पदार्थ गांजा सहित एक महिला को पकड़ा गया है। एंटी नारकोटिक सेल प्रभारी निरीक्षक जमील अहमद ने बताया कि पुलिस की एक टीम थाना बादली क्षेत्र में तैनात थी। टीम को गुप्त सूचना मिली कि एक महिला मादक पदार्थ गांजा बेचने का अवैध धंधा करती है। वह नशीला पदार्थ लिए हुए अपनी दुकान के पास खड़ी हुई है। जिस पर कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम द्वारा महिला को पकड़ा गया। पकड़ी गई महिला की नियमानुसार तलाशी लेने पर उसके कब्जे से नशीला पदार्थ गांजा बरामद हुआ। जिसका वजन करने पर 454 ग्राम पाया गया।

### ट्रैक पर मिले शव की हुई शिनाख्त

**बहादुरगढ़।** रेलवे स्टेशन के निकट रेलवे ट्रैक पर मिले शव की शिनाख्त हो गई है। मृतक करीब 35 वर्षीय 35 वर्षीय राजू मूलतः शहजहांपुर यूपी का रहने वाला था। पिछले कुछ समय से यहां बहादुरगढ़ इलाके में रहता था। मेहनत, मजदूरी करता था। गत चार अक्टूबर को उसका शव यहां ट्रैक पर मिला। आत्महत्या की आशंका जताई गई थी। अब शिनाख्त के बाद जीआरपी ने परिजनों के बयान लिए और पोस्टमार्टम की कार्रवाई शुरू करा दी है।

### युवक और दो महिलाओं के साथ मारपीट

**बहादुरगढ़।** गांव छारा में एक युवक की डंडों से पिटाई की गई। बीच बचाव करने आई उसकी मां व मौसी पर भी हमला कर दिया गया। पीड़ित की शिकायत पर गांव के ही कई लोगों पर केस दर्ज किया गया है। पुलिस को दी शिकायत में वजीर का कहना है कि वह इस्माइला स्थित एक कंपनी में सिक्योरिटी गार्ड है। गत चार नवंबर को वह अपने घर पर था। इसी दौरान गांव के निवासी एक शख्स ने मुझे गांव में ही एक व्यक्ति के प्लॉट पर बुलाया। वहां गया तो कई लोग मौजूद थे। इस दौरान एक शख्स ने बच्चों को मोबाइल दिखाने, बिगाड़ने का आरोप लगाते हुए मारपीट शुरू कर दी। डंडों से वार किए गए। बीच बचाव करने आई मेरी मां व मौसी पर भी हमला कर दिया गया।

### आठवां प्राकृतिक चिकित्सा शिविर कल

**बहादुरगढ़।** आठवां प्राकृतिक चिकित्सा दिवस आगामी 18 नवंबर को मनाया जाएगा। इस उपलक्ष्य में 9 नवंबर को लाइनपार की वत्स कॉलोनी स्थित प्राकृतिक चिकित्सा केंद्र में प्राकृतिक चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जाएगा। विधायक राजेश जून कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे, जबकि पार्षद राजेश तंवर विशिष्ट अतिथि रहेंगे। प्राकृतिक चिकित्सक बालकिशन ने बताया कि आयुष मंत्रालय के नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ नेचुरोपैथी के सहयोग से सूर्या फाउंडेशन व इंटरनेशनल नेचुरोपैथी ऑर्गेनाइजेशन की ओर से यह कार्यक्रम किया जाएगा।

### जिला नगर योजनाकार विभाग की तोड़फोड़ कार्रवाई

# अवैध कॉलोनी में चला प्रशासन का बुलडोजर

**परनाला में काटी जा रही अवैध कॉलोनी में 45 डीपीसी व चार भवन ढहाए**

छह एकड़ में विकसित की जा रही इस कॉलोनी में 45 डीपीसी तथा प्रॉपर्टी डीलर के आफिस सहित चार भवनों को गिराया

इसकी शिकायतें प्रशासन को मिली थी। इसके बाद यहां नोटिस जारी करने के बाद कार्रवाई की योजना बनाई गई। ड्यूटी मजिस्ट्रेट व डीटीपी की मौजूदगी में शुक्रवार को पुलिस बल के साथ टीम ने यहां दस्तक दी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

जिला नगर योजनाकार विभाग की ओर से शुक्रवार को इलाके में तोड़फोड़ कार्रवाई की गई। यहां परनाला गांव में काटी जा रही अवैध कॉलोनी में प्रशासन का पीला पंजा चला। पुलिस की मौजूदगी के चलते कार्रवाई में किसी तरह का खलल उत्पन्न नहीं हुआ। अधिकारियों के अनुसार, गांव परनाला की राजस्व सीमा में करीब 6 एकड़ जमीन पर अवैध कॉलोनी विकसित की जा रही थी। इसकी शिकायतें प्रशासन को मिली थी। इसके बाद यहां नोटिस जारी करने के बाद कार्रवाई की योजना बनाई गई। ड्यूटी मजिस्ट्रेट व डीटीपी की मौजूदगी में शुक्रवार को पुलिस बल के साथ टीम ने यहां दस्तक दी। करीब छह एकड़ में विकसित की जा रही इस कॉलोनी में 45 डीपीसी तथा प्रॉपर्टी डीलर के आफिस सहित चार भवनों को गिराया गया।




**बहादुरगढ़।** अवैध कॉलोनी में तोड़फोड़ करती जेसीबी। फोटो : हरिभूमि

#### 950 मीटर लंबी इंटरलॉकिंग सड़कों का नेटवर्क भी ध्वस्त किया

इसके अलावा करीब 950 मीटर लंबी इंटरलॉकिंग सड़कों का नेटवर्क भी ध्वस्त कर दिया गया। चूंकि भारी संख्या में पुलिस बल मौजूद था तो कार्रवाई में किसी तरह की अड़चन उत्पन्न नहीं हुई। अधिकारियों ने कहा कि अवैध कॉलोनियों के खिलाफ यह अभियान निरंतर जारी रहेगा। जो भी व्यक्ति बिना स्वीकृति या अनुमोदन के कॉलोनी विकसित करेगा या प्लॉटिंग करेगा, उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। आम नागरिकों को भी जागरूक होने की जरूरत है।



**बहादुरगढ़।** परिजनों के बयान दर्ज करते जांच अधिकारी पवन कुमार।

## आसौदा गांव में चार वर्षीय मासूम को ट्रक ने कुचला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

गांव आसौदा में शुक्रवार सुबह एक दर्दनाक हादसा हो गया। यहां फैक्ट्री के बाहर खेल रहे चार वर्षीय बच्चे को ट्रक ने कुचल दिया। हादसे में बच्चे की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की।



उत्तर प्रदेश के सीतापुर जिले का निवासी अंकित कुमार आसौदा एनसीआर माइनर के पास स्थित एक कंपनी में काम करता है। अंकित अपने परिवार के साथ फैक्ट्री परिसर में ही रहता है। शुक्रवार सुबह उसका बेटा शिवांश फैक्ट्री के बाहर कच्चे रास्ते पर खेल रहा था। इसी दौरान वहां से गुजर रहे एक ट्रक ने उसे कुचल दिया। हादसे में मासूम की मौके पर ही मौत हो गई।

सूचना पाकर आसौदा थाना पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। हादसे के लिए परिजनों ने ट्रक चालक को जिम्मेदार ठहराया।

परिजनों के बयान दर्ज किए गए। पोस्टमार्टम की कार्रवाई शुरू कराई गई। जांच अधिकारी पवन कुमार का कहना है कि सुबह आसौदा में एक बच्चे की हादसे में जान चली गई। परिजनों के बयान पर मामले में कार्रवाई की जा रही है।



**बहादुरगढ़।** मंत्री अनिल विज से शिकायत करते जसबीर सैनी व अन्य।

#### अनिल विज से मिलकर बताई समस्याएं

**बहादुरगढ़।** भाजपा नेता जसबीर सैनी ने केबिनेट मंत्री अनिल विज से मुलाकात कर बिजली निगम तथा अन्य विभागों की समस्याओं के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि निगम में कनेक्शन से लेकर अन्य कामों के लिए लोगों के चक्कर कटवाए जा रहे हैं। उन्होंने बहादुरगढ़ में अवैध रूप से चल रही बसों की चेकिंग के लिए अभियान चलाने की मांग की। नए बस स्टैंड पर रोडवेज बसों का नियमित रूट संचालित करने की मांग की। इस अवसर पर रोहित सैनी, पुनीत सैनी, साहिल बरवाला, शिव कुमार वर्मा, नीरज व ललित आदि मौजूद रहे।

## नाबालिग से दरिंदगी का आरोपी चढ़ा पुलिस के हत्थे

**इस्माइला रेलवे स्टेशन पर 27 अक्टूबर को मिली थी पीड़िता**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

इस्माइला रेलवे स्टेशन पर 11 वर्षीय लड़की के साथ हुई दरिंदगी के मामले में जीआरपी की एसआईटी को सफलता मिली है। टीम ने मामले में शामिल आरोपी को इस्माइला से गिरफ्तार कर लिया है।

घटनाक्रम 27 अक्टूबर का बताया जा रहा है। दरअसल, उस दिन रोहतक के दो युवकों को इस्माइला स्टेशन पर एक नाबालिग लड़की लावारिस हालत में मिली थी। मानवता दिखाते हुए उन्होंने लड़की को रोहतक स्टेशन पर छोड़ दिया। चूंकि मामला इस्माइला स्टेशन का था तो जांच जीआरपी बहादुरगढ़ के पास आई। इसके बाद जब जीआरपी बहादुरगढ़ ने लड़की का मेडिकल कराया तो उसके साथ गलत काम की पुष्टि हुई। शुक्रवार को जीआरपी बहादुरगढ़ में हुई पत्रकार वार्ता में मामले की जानकारी देते हुए रेलवेज फरीदाबाद के डीएसपी राजेश कुमार ने कहा कि रेप की पुष्टि के बाद एफआईआर दर्ज हुई। पुलिस अधीक्षक रेलवेज नीतिका गहलोत ने मामले को गंभीरता से लेते हुए एसआईटी टीम गठित की। एसआईटी ने गंभीरता से मामले में जांच की। गांव में लोगों से पूछताछ की और लगातार स्टेशन के आसपास भी निगरानी रखी।

शुक्रवार को एसआईटी ने मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया, जिसकी पीड़िता ने पहचान कर ली। आरोपी की पहचान राजीत सिंह उर्फ राजू निवासी इस्माइला के रूप में हुई है। आरोपी को अदालत में पेश कर आगे की कार्रवाई की जाएगी। वहीं, पीड़िता मानसिक रूप से बीमार है। उसके परिजनों का कुछ पता नहीं चल सका है। मनोचिकित्सक से जांच कराने के बाद उसे सीडब्ल्यूसी को सौंपा जाएगा। एसआईटी में एसएचओ चंदन सिंह, एसआई सतिवंदर, एएसआई नरेश कुमारी, एएसआई राजेश कुमार, एएसआई रवि कुमार आदि शामिल रहे।





**बहादुरगढ़।** पुलिस की गिरफ्त में आरोपी व मामले की जानकारी देते डीएसपी राजेश कुमार।

#### ऑपरेशन ट्रैक डाउन के तहत एक हत्यारोपी गिरफ्तार

**बहादुरगढ़।** ऑपरेशन ट्रैक डाउन के तहत बादली थाना पुलिस ने हत्या के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। अदालत में पेश करने के बाद आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। बादली थाना प्रभारी सुरेश कुमार के अनुसार, जयप्रकाश निवासी बादली ने हमें शिकायत देते हुए बताया कि मैं और मेरा दोस्त कर्मवीर गुरुग्राम सेक्टर-9 में ईंट सप्लाई का काम करते हैं। गत 19 सितंबर को मैं व कर्मवीर जब गुरुग्राम में थे तो ग्राहकों को लेकर विकास व अजय के साथ कहासुनी हो गई थी। उसी कहासुनी की रंजिश में उन लोगों ने हम पर उस वक्त हमला कर दिया, जब हम गांव लौट रहे थे। लाडपुर मोड़ के पास हमें घेर लिया और दोनों आरोपियों तथा उनके साथियों ने बेरहमी से मारपीट की। इस मारपीट में कर्मवीर की मौत हो गई। एसएचओ ने बताया कि मामले में कार्रवाई करते हुए एक आरोपी जसवीर को पकड़ा गया है। इससे पहले भी मामले में कुछ आरोपी गिरफ्तार हो चुके हैं।

## हाउसिंग सोसाइटी स्थित बहुमंजिला होटल की छत से गिरकर जापानी व्यक्ति की मौत

**वह खुद गिरा या इसके पीछे कोई और वजह रही, यह अभी स्पष्ट नहीं**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

इलाके की एक हाउसिंग सोसाइटी स्थित बहुमंजिला होटल की छत से संदिग्ध परिस्थितियों में गिरकर जापानी व्यक्ति की मौत हो गई। वह खुद गिरा या इसके पीछे कोई और वजह रही, यह अभी स्पष्ट नहीं है। पुलिस ने शव नागरिक अस्पताल में रखवा दिया है। जांच के बाद स्थिति स्पष्ट हो पाएगी। परिजनों के बयान के आधार पर सदर थाना पुलिस मामले में आगामी कार्रवाई करेगी। मृतक की पहचान करीब 53 वर्षीय मासातो यामाडा के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, वह जापान के टोक्यो का रहने वाला था। यहां खरखोदा स्थित मारुति में कार्यरत था। अभी चंद दिनों से वह यहां बाईपास के निकट लगती हाउसिंग सोसाइटी के होटल में ठहरा हुआ था। शुक्रवार की सुबह उसका शव देखा गया। सूचना पाकर सदर थाने से पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। फॉरेंसिक टीम ने भी घटनास्थल पर जांच की। इसके बाद शव को नागरिक अस्पताल में रखवा दिया गया।

#### मामले की हो रही जांच

*पुलिस के अनुसार, पांच मंजिल से व्यक्ति द्वारा गिरने की बात सामने आई है। प्रथम दृष्टया मामला सुसाइड का प्रतीत हो रहा है, लेकिन पूर्ण जांच व परिजनों के बयान के बाद ही पुलिस मामले में कुछ स्पष्ट कह पाएगी। सदर थाना प्रभारी नरेश कुमार का कहना है कि मामले में जांच की जा रही है। मृतक व्यक्ति के परिजनों, कंपनी को सूचित किया जा चुका है। परिजनों के बयान के बाद मामले में कार्रवाई होगी। शनिवार को शव का पोस्टमार्टम कराया जाएगा।*

### आफिस में घुसकर प्रॉपर्टी डीलर पर हमला, गाड़ी भी तोड़ी

**बहादुरगढ़।** गांव कानोंदा स्थित अपने ऑफिस में बैठे एक प्रॉपर्टी डीलर पर कुछ लोगों ने हमला कर दिया। डंडों से उस पर वार किए गए। इतना ही नहीं, आफिस में लगी एलईडी और बाहर खड़ी गाड़ी भी क्षतिग्रस्त कर दी गई। शिकायत के आधार पर सदर थाना पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। वारदात नवीन साथ हुई है। कानोंदा के निवासी नवीन का कहना है कि गांव के अड्डे पर उसका प्रॉपर्टी कामकाज संबंधित आफिस है। गत पांच नवंबर की रात को वह अपने दोस्त सुनील के साथ आफिस पर बैठा था। इसी दौरान आफिस के बाहर एक कार आकर रुकी। कार से परमजीत नाम का युवक उतरकर अपने आधा दर्जन साथियों के साथ आफिस में घुस गया। लकड़ी के बिट्टों से मुझ पर हमला कर दिया। इतना ही नहीं, एलईडी तथा बाहर खड़ी मेरी गाड़ी भी तोड़ दी। इसके बाद जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। हमले की वजह अभी स्पष्ट नहीं है। पुलिस मामले में जांच कर रही है।

## दो कारों की टक्कर में मां-बेटा घायल

**रेवाड़ी मार्ग पर सिलाना गांव के नजदीक हुआ हादसा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

शुक्रवार सुबह रेवाड़ी मार्ग पर सिलाना गांव के नजदीक हुई दो कारों की टक्कर में मां-बेटा घायल हो गए। घायलों की पहचान क्षेत्र के गांव सिलाना निवासी धनकौर व उसके पुत्र नरेंद्र के तौर पर हुई है। मामले के जांच अधिकारी जिले सिंह ने बताया कि उन्हें सुबह करीब साढ़े नौ बजे दो कारों की टक्कर की सूचना मिली थी। सूचना के बाद वे मौके पर पहुंचे तथा क्षतिग्रस्त वाहनों को सड़क किनारे कराते हुए यातायात सुचारू कराया। इस दौरान घायलों को राहगीरों द्वारा उपचार के लिए स्थानीय नागरिक अस्पताल भिजवाया जा चुका था। उन्होंने नागरिक अस्पताल पहुंच कर घायलों से मामले की जानकारी ली। नरेंद्र ने बताया कि वह अपनी मां के साथ गाड़ी में किसी काम से शहर आया था। जब काम निपटा कर वापिस घर जा रहा था तो विपरित दिशा से आ रही एक कार ने उन्हें टक्कर मार दी। इस घटना में उन्हें हल्की चोटें आईं। अस्पताल में चिकित्सकों द्वारा दोनों घायलों को उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई। जांच अधिकारी जिले सिंह ने बताया कि नरेंद्र की शिकायत पर संबंधित गाड़ी चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। इस संबंध में नियमानुसार आगामी कार्रवाई अमल में लाई जा रही है।



**झज्जर।** घटनास्थल पर खड़ी क्षतिग्रस्त कार। फोटो : हरिभूमि

### विकास कार्यों को तय समयावधि में पूरा करने व प्रदूषण पर अंकुश लगाने को लेकर चर्चा

# विधायक राजेश जून ने डीसी के साथ ली अफसरों की बैठक

**विधायक ने एक-एक परियोजना की बारीकी से जानकारी ली और अधिकारियों से प्रगति रिपोर्ट मांगी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों की रफ्तार को तेज करने के उद्देश्य से विधायक राजेश जून ने डीसी कार्यालय में जिला उपायुक्त स्वप्निल रविंद्र पाटिल के साथ महत्वपूर्ण बैठक की। बैठक में लोक निर्माण विभाग, बिजली निगम, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी, नगर परिषद, शिक्षा, स्वास्थ्य व अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। विधायक राजेश जून ने एक-एक परियोजना की बारीकी से जानकारी ली और अधिकारियों से प्रगति रिपोर्ट मांगी।




**बहादुरगढ़।** बैठक में अधिकारियों से चर्चा करते विधायक राजेश जून व डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल। फोटो : हरिभूमि

#### किसी भी विभाग में लापरवाही मिली तो सख्त कार्रवाई होगी

विधायक राजेश जून ने कहा कि बहादुरगढ़ विधानसभा में विकास कार्यों को गति देने के लिए नायब सरकार लगातार बड़े पैमाने पर बजट उपलब्ध करा रही है, ऐसे में कार्यों में अनावश्यक देरी बिल्कुल स्वीकार्य नहीं है। डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल ने भी स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि बहादुरगढ़ के सभी विकास कार्य समयबद्ध तरीके से पूरे किए जाएं। डीसी ने मीटिंग में मौजूद अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिन नई परियोजनाओं में तकनीकी या प्रशासनिक अड़चनें आ रही हैं, उन्हें तुरंत दूर किया जाए। विधायक राजेश जून ने कहा कि बहादुरगढ़ में सड़कें, नालियां, शिक्षा-सुविधाएं, जलापूर्ति, स्वास्थ्य तथा ट्रैफिक सुधार सहित हर क्षेत्र में तेजी से विकास हो रहा है। किसी भी विभाग में लापरवाही मिली तो सख्त कार्रवाई होगी। आमजन को सुविधाएं देना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। डीसी ने विधायक को आश्वस्त किया कि बहादुरगढ़ हलके में चल रहे सभी विकास कार्य तय समय सीमा के भीतर पूरे किए जाएंगे।

### एलसीएलओ तेरह नवंबर को गोहाना में करेंगे कैबिनेट मंत्री अरविंद शर्मा के आवास का घेराव

*झज्जर। सरकार के नकारात्मक रवैए से आक्रोशित रोहतक, सोनीपत व झज्जर के एलसीएलओ आगामी तेरह नवंबर को गोहाना में एकत्रित होकर मंत्री डॉक्टर अरविंद शर्मा के आवास का घेराव करेंगे। यूनियन की जिला इकाई प्रधान नवीन ने बताया कि एलसीएलओ एवं सीपीएलओ कर्मचारी यूनियन हरियाणा के बैनर तले मुख्यमंत्री के गृह नगर कुरुक्षेत्र में बीते 19 सितंबर से दिन-रात धरना चल रहा है। हजारों एलसीएलओ की नियुक्ति के समय उनका पदनाम बदल दिया गया था। जिसके चलते 18 महीने से न काम मिला और न ही वेतन। जबकि सरकार व विभाग द्वारा इनकी परीक्षा सीपीएलओ के पद के लिए ली गई थी। संगठन के राज्य महासचिव पवन ने बताया कि फैमिली आईडी से जुड़े कार्य जैसे आय प्रमाण पत्र, राशन कार्ड, निवास प्रमाण पत्र, पेंशन वेरिफिकेशन आदि कार्य के क्रीड के अंतर्गत कर्मचारियों की नियुक्ति हरियाणा की सात हजार ग्राम पंचायतों के ग्राम सचिवालयों में होनी थी। लेकिन चयन के बाद इसमें से करीब साढ़े तीन हजार अभ्यर्थियों को पदनाम बदलकर लोकल कमेटी लोकल ऑपरेटर का ऑफर ऑफ अप्वाइंटमेंट दिया। जबकि विज्ञापन सीपीएलओ क्रिड़ पंचायत लोकल ऑपरेटर का था। जिनका पदनाम बदलकर एलसीएलओ बनाया। ऐसे में इनको ना तो कोई मानदेय मिल रहा है और न ही कोई काम दिया जा रहा है। जबकि सीपीएलओ को केवल छह हजार रुपये वेतनमान दिया जा रहा है,जो न्यूनतम मजदूरी से भी काफी कम है।*

## खबर संक्षेप



बहादुरगढ़। जलघर में त्रिवेणी लगाते अशोक राठी व ग्रामीण।

### त्रिवेणी लगाकर पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

**बहादुरगढ़।** गांव परनाला-हसनपुर स्थित चौधरी चरण सिंह जलघर परिसर में शुक्रवार को पौधरोपण कार्यक्रम किया गया। इस दौरान सरपंच प्रतिनिधि व ग्रामीणों ने पीपल, बरगत, नीम की त्रिवेणी लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। सरपंच एसोसिएशन के प्रधान अशोक राठी, जोगी, बिट्टू, विक्की, सुखलाल, अमित, अजय तथा सफाई कर्मी रणबीर आदि ने मिलकर पौधा लगाया व उसकी देखभाल का संकल्प लिया। ग्रामीणों ने भी जलघर परिसर को स्वच्छ और हरा-भरा रखने का संकल्प लिया।

### धानक समाज की बैठक जाटूसाना में कल

**रेवाड़ी।** धानक समाज के प्रधान वेदप्रकाश बनवाल ने बताया गया कि समाज के उत्थान व जागरूकता के लिए ब्लॉक वाइज मीटिंग की जा रही है। खोल,नाहड व डहीना ब्लॉक की कमेटी गठित की जा चुकी है। रविवार 9 नवंबर को सुबह 10 बजे जाटूसाना ब्लॉक की मीटिंग का आयोजन धानक धर्मशाला में किया जाएगा। मीटिंग में समाज के विभिन्न मुद्दों पर चर्चा होगी।

### एथलीटों ने साइकिलिंग और दौड़ में प्रतिभा का किया प्रदर्शन

# ट्रायथलॉन में छाए चरखी दादरी के एथलीट, अंकुर को गोल्ड

**लड़कियों में स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी की हीना फोगाट ने 1 घंटे 17 मिनट 50 सेकेंड के साथ गोल्ड मेडल जीता**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

27वें हरियाणा राज्य खेलों के अंतर्गत शुक्रवार को ट्रायथलॉन के मुकाबले आयोजित किए गए। लड़कों में चरखी दादरी के अंकुर ने एक घंटे 8 मिनट और 32 सेकेंड के टाइम के साथ गोल्ड मेडल जीता। चरखी दादरी के ही अमन ने एक घंटे 10 मिनट 7 सेकेंड के साथ सिल्वर और हिसार के मन्नत सैनी ने 1 घंटे 12 मिनट 15 सेकेंड के साथ कांस्य पदक जीता।

शहर की एचएल सिटी स्थित चैंपियंस एक्वेटिक एकेडमी में ट्रायथलॉन के तहत सबसे पहले तैराकी हुई। तैराकी के तुरंत बाद एथलीटों ने साइकिलिंग और फिर दौड़ में प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता का शुभारंभ हरियाणा ओलंपिक एसोसिएशन के उपाध्यक्ष अनिल खत्री ने किया। लड़कियों में स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी की हीना फोगाट ने 1 घंटे 17 मिनट 50 सेकेंड के साथ गोल्ड मेडल, चरखी दादरी की भाविका ने 1 घंटे 26 मिनट 51 सेकेंड के साथ सिल्वर और अंबाला की नैंसी ने एक घंटे 38 मिनट 24 सेकेंड के साथ कांस्य पदक जीता। लड़कों में 14 और लड़कियों में 5 एथलीटों ने भाग लिया।



बहादुरगढ़। विजेताओं को पुरस्कृत करते अनिल खत्री व अन्य। फोटो : हरिभूमि

#### ये रहे मौजूद

इस मौके पर ट्रायथलान के अध्यक्ष डीएस हुड्डा, राजबीर दलाल, अभिमन्यु दलाल, महेंद्र पहलवान, सुरेश जून, सुनील खत्री, बलवान कादयान, हनुमान खत्री, दिनेश खत्री, तैराकी कोच साई जाधव, पद्मपाल, गूगन कोच, राम ढुल, अनिल शर्मा, धनराज, मुकेश, प्रेम, विनोद व विकास आदि मौजूद रहे।



बहादुरगढ़। विजेताओं को पुरस्कृत करते अनिल खत्री व अन्य। फोटो : हरिभूमि

### जुपीटर में हुई वीर गाथा प्रतियोगिता

**बहादुरगढ़।** गांव रोहद स्थित जुपीटर स्कूल में वीर गाथा 5.0 प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें तीसरी कक्षा से 12वीं की छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। पांचवीं कक्षा की सेजल, 7वीं कक्षा की योगिता, 10वीं कक्षा की जानवी और 12वीं कक्षा की अंजली ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। स्कूल निदेशक राजकुमार रूहिल ने विजेता छात्राओं को बधाई दी। प्राचार्य राजपाल सिंह सनवाल ने इसी तरह से प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए प्रेरित किया।

# शिक्षकों ने किया सेंसस मूल्यांकन के परिणामों का विश्लेषण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर



झज्जर। सेंसस मूल्यांकन में भाग लेते हुए शिक्षक। फोटो : हरिभूमि

जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय में शुक्रवार को सेंसस मूल्यांकन के परिणामों का गहन विश्लेषण किया गया। जिला शिक्षा अधिकारी राजेश कुमार के नेतृत्व में आयोजित इस चर्चा में जिले के कुल 12 मेंटर एवं खंड समन्वयकों ने भाग लिया। जिला निपुण समन्वयक डॉक्टर सुदर्शन पूनिया ने ब्लॉक, क्लस्टर एवं जिला स्तर पर हुए मूल्यांकन के परिणामों की विस्तृत प्रस्तुति दी। उन्होंने बताया कि जिले की कुल 290 स्कूलों में से 23 ने ए श्रेणी, 57 स्कूलों ने बी श्रेणी तथा 210 स्कूलों ने सी श्रेणी हासिल की है। उन्होंने बताया कि ए श्रेणी के स्कूलों में 75 प्रतिशत से अधिक विद्यार्थी साक्षरता एवं संख्याज्ञान में निपुण घोषित किए गए हैं, जबकि बी में 50 से 75 प्रतिशत विद्यार्थी निपुण हैं। इसके अलावा सी श्रेणी के स्कूलों में 50 प्रतिशत से कम विद्यार्थी ही निपुण मानकों पर खरे उतरे हैं। इसके अलावा दिसंबर माह में प्रस्तावित मूल्यांकन को लेकर भी विचार-विमर्श किया गया, जिसमें अगले मूल्यांकन तक सी श्रेणी के 80 स्कूलों को बी श्रेणी में लाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। डॉक्टर सुदर्शन पूनिया ने बताया कि लक्ष्य प्राप्ति सुनिश्चित करने के लिए इन स्कूलों में मेंटर्स की विजिट को और अधिक गहन एवं प्रभावी बनाया जाएगा। उनका फोकस सी श्रेणी के स्कूलों पर विशेष रूप से होगा। जिला शिक्षा अधिकारी राजेश कुमार ने अपने संदेश में कहा हमारा उद्देश्य जिले के प्रत्येक बच्चे में मौलिक भाषा एवं गणितीय कौशल का सुदृढ़ विकास करना है।

# पोषण वाटिका के तहत सोलधा में बांटे बीज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

सूर्या फाउंडेशन द्वारा शुक्रवार को गांव सोलधा में पोषण वाटिका अभियान के अंतर्गत बीज वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। ग्रामीण परिवारों को अपने घरों में पोषण से भरपूर सब्जियां उगाने के लिए प्रेरित किया गया।

मुख्य अतिथि के रूप में सूर्या रोशनी के वेलफेयर अधिकारी मनोज सोमवंशी, सरपंच लक्ष्मी प्रदीप काजला व सूर्या फाउंडेशन के विकास विश्वकर्मा ने भारत माता के चित्र के सामने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय बीज निगम लिमिटेड दिल्ली द्वारा तैयार किए गए इन बीज किटों में पालक, मेथी, धनिया, मूली और सलजम जैसी 5 पोषक सब्जियों के बीज शामिल हैं। कार्यक्रम में गांव की स्वयं सहायता समूह की माताओं-बहनों को बीज वितरित किए गए। विकास विश्वकर्मा ने पोषण वाटिका के महत्व पर प्रकाश डाला। सरपंच लक्ष्मी प्रदीप काजला ने बताया कि इस पहल से ताजी और शुद्ध सब्जियों की उपलब्धता बढ़ेगी। परिवार का पोषण स्तर और आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। इस मौके पर सूर्या फाउंडेशन से कवल कुमार, श्याम, सुमन लता, पूनम व कमलेश आदि मौजूद रही।



बहादुरगढ़। गांव सोलधा में बीज वितरित करती सरपंच व फाउंडेशन पदाधिकारी। फोटो :हरिभूमि

# कैंसर के प्रति जागरुकता फैलाना जरूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

राजकीय महिला महाविद्यालय में एनएसएस इकाई द्वारा एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। प्राचार्या अल्का गुलाटी के मार्गदर्शन में लगे शिविर में एनएसएस अगेंस्ट कैंसरः यूथ फॉर हेल्थ, होप एंड हीलिंग विषय पर छात्राओं को जागरुक किया गया।

शिविर में विशेष व्याख्यान, स्वास्थ्य जांच, जागरूकता रैली तथा कैंडल ऑफ होप सेरेमनी का आयोजन किया गया। शुक्रवार को दीप प्रज्वलन उपरांत प्राचार्या अल्का गुलाटी ने कहा कि महिलाओं में कैंसर जैसी गंभीर बीमारी के प्रति जागरूकता फैलाना जरूरी है। उन्होंने छात्राओं से कहा कि वे समाज में स्वास्थ्य और स्वच्छता के संदेश को आगे बढ़ाएं। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. आशिमा ने बताया कि ऐसे जागरूकता कार्यक्रम लोगों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाते हैं। बालाजी एक्शन अस्पताल की मेडिकल टीम ने विशेष रूप से स्तन कैंसर जांच शिविर का संचालन किया। स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. अर्चिता गोयल ने महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया और उन्हें नियमित जांच, संतुलित आहार एवं स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया। आयोजन में डॉ. रीना, डॉ. शीतल और डॉ. ललिता का विशेष सहयोग रहा।




बहादुरगढ़। कैंप में महिलाओं की स्वास्थ्य जांच करती अस्पताल की टीम।



बहादुरगढ़। कॉलेज परिसर में सफाई करते एनएसएस स्वयंसेवक। फोटो : हरिभूमि

### स्वास्थ्य जांच के साथ कॉलेज में की सफाई

**बहादुरगढ़।** शुक्रवार को राजकीय महाविद्यालय बहादुरगढ़ में राष्ट्रीय सेवा योजना की दोनों इकाई द्वारा युवा रेडक्रॉस के सहयोग से एक दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विद्यार्थियों को स्वास्थ्य व स्वच्छता के प्रति संवेदनशील बनने के लिए प्रेरित किया गया। प्राचार्य दलबीर सिंह व सुमन हुड्डा ने कैंप का शुभारंभ करते हुए विद्यार्थियों को समाज सेवा, अनुशासन और स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने का संदेश दिया। कार्यक्रम में 50 स्वयंसेविकाओं का सामान्य स्वास्थ्य परीक्षण कराया गया। परीक्षण के दौरान रक्तचाप, बीएमआई, नेत्र जांच आदि मूलभूत परीक्षण किए गए। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी जोगेंद्र सिंह व रचना द्वारा आयोजित कैंप में वाईआरसी काउंसलर प्रभारी डॉ. मोनिका ने विद्यार्थियों को प्राथमिक उपचार एवं स्वास्थ्य सुरक्षा से संबंधित उपयोगी जानकारी दी। सुमन हुड्डा ने ऐसे सामाजिक उपयोगी कार्यक्रमों में अधिकाधिक भागीदारी के लिए प्रेरित किया।

# भगत पूर्ण मल के किस्से का किया मंचन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

लाइनपार स्थित सूर्य कवि पंडित लखमीचंद धर्मशाला में शुक्रवार को तीसरे दिन पंडित विष्णुदत्त ने भगत पूर्ण मल के किस्से को मंचित किया। मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा नेता दिनेश कौशिक ने शिरकत की। मार्केट कमेटी चेयरमैन विनोद कौशिक, वाईस चेयरमैन प्रदीप गुप्ता, पार्षद भीम सिंह प्रणामी, अमित कौशिक, राजबाला, मंडल अध्यक्ष महाबीर दलाल, संजय सैनी व सुदेश रंगा आदि मौजूद रहे।

पंडित विष्णु दत्त ने सांग के माध्यम से बताया कि गुरू गोरखनाथ के वरदान से स्यालकोट के राजा सुलेमान की पत्नी ने पूर्णमल को जन्म दिया। बाद में पूर्णमल शादी से इंकार कर देता है और पिता से कहता है कि तपस्या करेगा। वह एक दिन अपनी मौसी नूणादे से मिलने महल में जाता है। बाद में पूर्णमल पर झूठा आरोप लगा देती है। राजा बेटे पूर्णमल की हत्या का आदेश देता है।

जल्लाद पूर्णमल को अंधे कुंए में फेंककर चले आते हैं। कई वर्षों बाद गुरू गोरखनाथ ने कुंए से पूर्णमल को बाहर निकाला। पूर्णमल अपनी भक्ति, शक्ति व चरित्र की वजह से प्रसिद्ध हुए। इस अवसर पर बलराम गौतम, हरिओम मुदगिल, हरिओम हरितश, रमेश शर्मा, मंजीत पाराशर, बिल्लू पंडित व मामनराम आदि उपस्थित रहे।



बहादुरगढ़। कार्यक्रम में दिनेश कौशिक समेत अन्य का स्वागत करते समिति पदाधिकारी। फोटो : हरिभूमि

# कम्युनिकेशन स्किल्स को लेकर दिया व्याख्यान



बहादुरगढ़। व्याख्यान के दौरान जानकारी प्राप्त करते छात्र-छात्राएं। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

राजकीय महाविद्यालय बहादुरगढ़ में प्राचार्य दलबीर सिंह के दिशा-निर्देशन में प्लेसमेंट सेल द्वारा कम्युनिकेशन स्किल्स पर एक विस्तृत व्याख्यान का आयोजन किया गया। सांपला कॉलेज में कार्यरत एसोसिएट प्रोफेसर डॉ अंकिता बेनीवाल ने छात्रों को जागरुक किया।

डॉ. अंकिता ने छात्रों को प्रभावी संचार कौशल, अभिव्यक्ति की कला तथा व्यक्तित्व विकास के विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आज के प्रतिस्पर्धात्मक युग में सफलता के लिए संचार कौशल का विशेष महत्व है।

प्लेसमेंट सेल संयोजक रीना कुमारी व अन्य सदस्यों ने कार्यक्रम का सफल संचालन किया। उप प्राचार्या सुमन हुड्डा ने डॉ. अंकिता का धन्यवाद किया।

# भारत स्काउट्स एंड गाइड्स का मनाया स्थापना दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

वैदिक कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में शुक्रवार को भारत स्काउट्स एवं गाइड्स स्थापना दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को भारत स्काउट गाइड्स फ्लैग से सम्मानित किया गया। डीओसी स्काउट डॉक्टर राजेंद्र ने बताया कि इसी के साथ विद्यालय में चल रहे स्काऊट एंड गाइड तृतीय सोपान, बेसिक कोर्स प्रशिक्षण शिविर व पूर्व जंबूरी तैयारी कैंप का समापन भी किया गया। कार्यक्रम के समापन अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी राजेश खन्ना व खंड शिक्षा अधिकारी रूपेंद्र नांदल ने भारत स्काउट एवं गाइड के स्थापना दिवस पर सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र एवं पारितोषिक वितरण किए। इस दौरान अपने संबोधन में जिला शिक्षा अधिकारी राजेश खन्ना ने कहा कि स्काउटिंग का उद्देश्य बच्चों को मन, वचन और कर्म से शुद्ध कर उनमें शारीरिक, बौद्धिक और सामाजिक विकास के साथ-साथ अच्छे नागरिक के गुणों का विकास करना है। स्काउटिंग ही है जो हमें विपरीत परिस्थितियों में भी नैतिकता और साहस के साथ जीना सिखाती है।



झज्जर। शिविर के समापन पर उपस्थित शिक्षक एवं प्रशिक्षु। फोटो :हरिभूमि

# नूना माजरा व देशलपुर में बनेंगे खेतों के रास्ते



बहादुरगढ़। रास्तों निर्माण का शुभारंभ करते संजय दलाल व अन्य। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

जिला पार्षद संजय दलाल ने गांव नूना माजरा व देशलपुर के खेतों में बनने वाले रास्तों के निर्माण कार्य का नारियल फोड़कर शुभारंभ किया। उन्होंने बताया कि इंटरलॉकिंग टाइल्स से बनने वाले इन रास्तों पर लगभग 23 लाख रुपए खर्च होंगे। इससे किसानों व ग्रामीणों को खेतों में आने जाने की परेशानी नहीं रहेगी।

इस मौके पर सरपंच मास्टर जयभगवान, नवीन जून, एसडीओ सौरभ सिंह, जेई मनजीत कुमार, कृष्ण जून, मास्टर रण सिंह, रणबीर जून, पंडित लक्ष्मी नारायण, पंडित ओमप्रकाश, बलजीत जून, जयबीर, पूरणमल, नितीश, राजू व सतीश आदि उपस्थित रहे।



बहादुरगढ़। केआर मंगलम वर्ल्ड स्कूल में बच्चों के दांतों की जांच करते डॉ कमल बतरा।

### केआर मंगलम में 150 के दांत जांचे

**बहादुरगढ़।** शहर के सेक्टर 2 स्थित केआर मंगलम वर्ल्ड स्कूल में शुक्रवार को छठी से आठवीं कक्षा तक के विद्यार्थियों के लिए दंत चिकित्सा जांच शिविर आयोजित किया गया। शिविर में डॉ बतरा डेंटल क्लीनिक की टीम ने 150 बच्चों के दांतों की जांच की। प्रिंसिपल अर्पिता आचार्या ने कहा कि बच्चों के समग्र विकास मे शारीरिक विकास अत्यंत जरूरी होता है। नियमित स्वास्थ्य जांच बेहद जरूरी है। दंत रोग विशेषज्ञ डॉ कमल बतरा और डॉ सोनिया बतरा ने बच्चों के दांतों की जांच की तथा उन्हें ब्रश करने के सही तरीके सहित दांतों की देखभाल करने के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने दांतों में होने वाली बीमारियों, समय पर उनके इलाज और दांतों की सही सफाई के बारे में जानकारी दी। डॉ. बतरा ने बताया कि दांत हमारे मुख का अहम हिस्सा होते हैं। इनके खराब होने से मुख की सुंदरता के साथ पाचन शक्ति पर भी बुरा असर पड़ता है और असहनीय पीड़ा होती है।

# पुलिस कमिश्नर ने आनंद पथ कार्यक्रम को लेकर दिए आवश्यक दिशा निर्देश

**पुलिस मुख्यालय पर हुई सभी डीसीपी, एसीपी, थाना व क्राइम यूनिट प्रभारियों की बैठक**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

शुक्रवार को जिला पुलिस मुख्यालय पर पुलिस कमिश्नर डॉक्टर राजश्री सिंह ने सभी डीसीपी, एसीपी, थाना व क्राइम यूनिट प्रभारियों की बैठक लेते हुए रविवार को मनाए जाने वाले कार्यक्रम आनंद पथ के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।



झज्जर। बैठक के दौरान आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए पुलिस कमिश्नर डॉक्टर राजश्री सिंह। फोटो :हरिभूमि

उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य एक सांस्कृतिक एवं सामाजिक एकता को बढ़ावा देना है। इस दौरान खेल जगत से लेकर हास्य जगत तक के सेलिब्रिटी मौजूद रहेंगे। जिसमें पदमश्री विजेंद्र सिंह ओलंपिक मेडलिस्ट, अमन सहरावत अर्जुन अवार्डी, राज सिंधिया डायरेक्टर लेखक एंव प्रोड्यूसर, परितोष त्रिपाठी हांस्य कलाकार, विक्की काजला सिंगर एवं अभिनेता, आरोही गुर्जर आर्टिस्ट एवं अभिनेता, दीपक कपूर और रामवीर आर्यन हरियाणवी अभिनेता की मुख्य मौजूदगी युवाओं में एक नया जोश लेकर आएगी।

#### जीवन को तनाव मुक्त बनाने के बारे में बताएंगे

*कार्यक्रम का उद्धेश्य जनता के लिए जनता को समर्पित थीम पर आधारित रहेगा, जिसमें युवाओं को खेल जगत के फायदे और अपने जीवन को तनाव मुक्त बनाने के बारे में बताया जाएगा। कार्यक्रम में पुलिस कर्मचारियों के साथ-साथ आम नागरिक, स्कूली बच्चे, सामाजिक संस्थाएं, खिलाड़ी एवं वरिष्ठ नागरिक भी बढ़-चढ़कर भाग लेंगे।*

# पिंक रिबन बांधकर किया जागरूक



बहादुरगढ़। पिंक रिबन बांधकर जागरुक करती स्वयंसेविकाएं। फोटो :हरिभूमि

**बहादुरगढ़।** वैश्य आर्य शिक्षण महिला महाविद्यालय में कैंसर जागरूकता दिवस संवेदनशीलता के साथ मनाया गया। स्वयंसेविकाओं और स्टाफ सदस्यों ने पिंक रिबन बांधकर कैंसर से लड़ने के प्रति एकजुटता और समर्थन का संदेश दिया। स्वयंसेविकाओं ने पोस्टर और स्लोगन के माध्यम से संदेश दिया कि नियमित स्वास्थ्य जांच, संतुलित आहार, व्यायाम और तनावमुक्त जीवनशैली अपनाकर कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों से बचाव संभव है। प्राचार्या डॉ. आशा शर्मा ने कहा कि कैंसर के प्रति जागरूकता ही इससे बचाव का सबसे प्रभावी माध्यम है। स्वयंसेविकाओं ने प्रेरणादायी नारों और संदेशों के माध्यम से सभी को स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने का आह्वान किया।

बोले डीसीः वन्दे मातरम् गीत आत्मबल, साहस और राष्ट्रनिष्ठा का अमृत

# जिले में उत्साह और देशभक्ति के साथ मनाया गया वन्दे मातरम् का 150 वां स्मरण उत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

राष्ट्रीय गीत 'वन्दे मातरम्।' के 150वें स्मरण उत्सव का जिला स्तरीय भव्य आयोजन राजकीय स्नातकोत्तर नेहरू कॉलेज सभागार में हर्षोल्लास और देशभक्ति की उमंग के साथ किया गया। डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल ने भारत माता की फोटो प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वर्चुअल माध्यम से जुड़े और पूरे देश में एक साथ सामूहिक गायन करवाया।

सभागार में गूंजते वंदे मातरम के जयकारों ने वातावरण को राष्ट्र प्रेम से भर दिया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी भी वर्चुअल माध्यम से जुड़े। उन्होंने युवाओं को देश की समृद्ध सांस्कृतिक और स्वदेशी परंपराओं को अपनाने के लिए प्रेरित किया तथा स्वदेशी अपनाने की शपथ दिलाई। वहीं डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल ने कहा कि आज का यह अवसर केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि मां भारती के प्रति प्रेम, निष्ठा और बलिदान की भावनाओं का जीवंत उत्सव है। उन्होंने कहा कि वन्दे मातरम् गीत आत्मबल, साहस और राष्ट्रनिष्ठा का अमृत है।



झज्जर। राजकीय कॉलेज सभागार में वन्दे मातरम् गीत का सामूहिक गायन करते हुए जनसमूह। फोटो : हरिभूमि

## छात्राओं ने दी देशभक्ति गीत की प्रस्तुति



झज्जर। कार्यक्रम में उपस्थित शिक्षक एवं छात्राएं। फोटो :हरिभूमि

झज्जर। महाराजा अग्रसेन महिला महाविद्यालय में राष्ट्रगीत वन्दे मातरम् की 150वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में छात्राओं को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संबोधन का सीधा प्रसारण दिखाया गया। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉक्टर अनु बरवड़ ने बताया कि छात्राओं ने इसे ध्यानपूर्वक सुनते हुए वंदे मातरम गीत के महत्व को जाना। इसके उपरांत छात्राओं द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक एवं देशभक्ति पर आधारित कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रभारी डॉक्टर तितिक्षा रोहिल्ला ने बताया कि कार्यक्रम में कुमारी विशाखा, ललिता, आरती, मुस्कान तथा सरिता ने देश भक्ति गीत प्रस्तुत किया जबकि कुमारी राधिका, नेहा, दीपिका तथा निक्की ने देश भक्ति गीत पर नृत्य तथा सामूहिक गान की प्रस्तुति देकर दर्शकों को मन मोहा। प्राचार्या डॉक्टर चित्रलेखा ने कार्यक्रम में भाग लेने वाली छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

## विद्यार्थियों को बताया वन्दे मातरम् का ऐतिहासिक महत्व

झज्जर। राजकीय महाविद्यालय मातनहेल में राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम की 150वीं वर्षगांठ पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। एनएसएस इकाई द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम की अगुवाई एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉक्टर पिंकी रानी ने की। वंदे मातरम के सामूहिक गायन से शुरू हुए इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने गीत के ऐतिहासिक महत्व और देशभक्ति में गीत की भूमिका पर अपने विचार व्यक्त किए। विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए डॉक्टर पिंकी रानी ने कहा कि वंदे मातरम केवल एक गीत नहीं बल्कि यह हमारी राष्ट्रीय एकता और देशप्रेम का प्रतीक है। विद्यार्थियों ने देशभक्ति गीतों, भाषणों और कविताओं के माध्यम से भी देश के प्रति अपनी भावनाएं व्यक्त की।



झज्जर। कार्यक्रम में उपस्थित विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

## बेरी में धूमधाम से मनाया वन्दे मातरम् का 150वां स्मरण उत्सव



बेरी। राष्ट्रगीत 'वन्दे मातरम्' के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में शुक्रवार को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बेरी के नौबत राय हॉल में स्मरण उत्सव का भव्य आयोजन किया गया। भाजपा नेता संजय कबलाना ने कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। 9 बजकर 50 मिनट पर वंदे मातरम गीत का सामूहिक गायन किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित जनसमूह ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लाइव संबोधन को ध्यानपूर्वक सुना। प्रधानमंत्री के वंदे मातरम के ऐतिहासिक महत्व और राष्ट्रभावना से जुड़े संदेश ने उपस्थित सभी लोगों को प्रेरित किया। मुख्यातिथि ने कहा कि वंदे मातरम केवल दो शब्द नहीं, बल्कि करोड़ों भारतीयों की आत्म-प्रेरणा और अस्तित्व का आधार है। उत्सव के दौरान विद्यार्थियों द्वारा देशभक्ति से ओतप्रोत सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने वातावरण को उत्साह और गौरव से भर दिया।

## वन्दे मातरम् की वर्षगांठ हर भारतीय के लिए गर्व का क्षण



झज्जर। शुक्रवार को भारतीय जनता पार्टी द्वारा पार्टी के कमलम कार्यालय में राष्ट्रभक्ति और मातृभूमि के प्रतीक गीत वंदे मातरम के 150वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में एक भव्य समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पार्टी पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं और नागरिकों ने एक स्वर में वंदे मातरम का गायन कर मां भारती को नमन किया। भाजपा जिलाध्यक्ष विकास वाल्मीकि ने अपने संबोधन में कहा कि वंदे मातरम केवल एक गीत नहीं बल्कि यह हमारे राष्ट्र की आत्मा और स्वतंत्रता संग्राम की प्रेरणा रहा है। 150 वर्ष पूरे होने का यह गौरवशाली अवसर हर भारतीय के लिए गर्व का क्षण है। आनंद , जय किशन , सोमवती , हरीश दलाल, संदीप , दिनेश शेखावत, बिजेंद्र , मीडिया प्रभारी गीतांशु सहित अन्य उपस्थित रहे।

## विद्यार्थियों ने मनाया वन्दे मातरम् स्मरण उत्सव



झज्जर। संस्कारम इंटरनेशनल स्कूल पाटौदा में शुक्रवार को वंदेमातरम स्मरण उत्सव मनाया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में देशप्रेम, संस्कृति और राष्ट्रभक्ति की भावना को प्रबल करना रहा। प्राचार्या श्वेता कौशिक ने बताया कि कार्यक्रम में संस्कारम समूह के चेयरमैन डॉक्टर महिपाल ने विद्यार्थियों को मातृभूमि के प्रति समर्पण और जिम्मेदारी का संदेश देते हुए कहा कि वंदेमातरम केवल एक गीत नहीं बल्कि हमारी आत्मा की आवाज है जो हर भारतीय को एक सूत्र में बांधती है। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने वंदेमातरम के भावपूर्ण गायन, देशभक्ति कविताओं, नृत्य व नाट्य प्रस्तुतियों से सभी का मन मोहा। इस दौरान विद्यार्थियों द्वारा भारत माता की आकर्षक झांकी भी निकाली गई जो आकर्षण का केंद्र रही।

## बादली कॉलेज में भी गाया वन्दे मातरम्



बहादुरगढ़। बादली के राजकीय महाविद्यालय में वंदे मातरम गीत की 150वीं वर्षगांठ पर शानदार आयोजन किया गया। कॉलेज के एनसीसी और एनएसएस स्वयंसेवकों ने सामूहिक रूप राष्ट्रीय गीत गाया। कार्यक्रम का उद्घाटन कॉलेज के प्राचार्य मेजर आनंद कुमार ने किया। उन्होंने छात्रों से अपील करते हुए कहा कि वे इस गीत के संदेश को अपने जीवन में उतारें और देश के प्रति अपनी जिम्मेदारी को महसूस करें। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी रेनू गुलिया, संदीप और एनसीसी अधिकारी डॉ. मंजीत सिंह की देखरेख में सभी ने मिलकर राष्ट्रीय एकता और अखंडता की भावना को प्रकट किया। उन्होंने स्वयंसेवकों के समर्पण और मेहनत को सराहा।

## बहादुरगढ़ में सामूहिक रूप से गाया वन्दे मातरम्



बहादुरगढ़। राष्ट्रगीत के 150 वर्ष पूर्ण होने पर बहादुरगढ़ स्थित आईडीटीआर परिसर में वंदे मातरम की मधुर स्वर–लहरियों से वातावरण गूंज उठा। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे विधायक राजेश जून व भाजपा नेता दिनेश कौशिक ने उत्सव का शुभारंभ किया। कार्यक्रम का प्रारंभ सुबह 9 बजकर 50 मिनट पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम का लाइव प्रसारण के साथ हुआ। वंदे मातरम गीत का सामूहिक गायन किया गया। विधायक राजेश जून ने कहा कि वंदे मातरम न केवल एक गीत है, बल्कि यह भारतीय चेतना की आत्मा है जो हमें मातृभूमि के प्रति गर्व, समर्पण और कर्तव्य का बोध कराती है। दिनेश कौशिक ने कहा कि आज का दिन हमें स्वतंत्रता संघर्ष की याद दिलाता है और यह संकल्प भी कि भारत की प्रगति व समृद्धि में हम सब अपनी भूमिका निभाएं। एसडीएम नसीब कुमार समेत अन्य अधिकारियों और नागरिकों ने एक साथ स्वर मिलाकर वंदे मातरम का सामूहिक गायन किया। कार्यक्रम के दौरान स्वतंत्रता आंदोलन, राष्ट्र के गौरवशाली इतिहास और स्वदेशी की भावना पर प्रेरक विचार भी सांझा किए गए। उत्सव में तहसीलदार सुदेश मेहरा, एसीपी प्रदीप खत्री, बीडीपीओ सुरेंद्र खत्री, चेयरपर्सन सरोज राठी, महेश कुमार, राजपाल जांगड़ा, संजय सैनी, सुनील कौशिक, डॉ. गीता छिल्लर आदि उपस्थित रहे।

धान में नमी के नाम पर किसानों के साथ मजाक किया जा रहा

# किसानों की बर्बाद फसल का मुआवजा दे सरकार : कादियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

विधानसभा बेरी क्षेत्र में हजारों एकड़ फसल जलभराव और प्रशासन की लापरवाही के कारण पूरी तरह से तबाह हो चुकी है। किसानों को न केवल भारी नुकसान झेलना पड़ रहा है, बल्कि उनकी उपज का निर्धारित मूल्य भी नहीं मिल रहा। बाजरे की खरीद न होने से किसान आर्थिक संकट में हैं, वहीं धान में नमी के नाम पर किसानों के साथ मजाक किया जा रहा है। यह बात कांग्रेस के वरिष्ठ नेता विक्रम कादियान ने किसानों की फसल भरपाई की मांग करते हुए कही।

## हजारों एकड़ जमीन जलभराव की चपेट में



विक्रम कादियान ने कहा कि बेरी हलके के लगभग सभी गांवों में हजारों एकड़ जमीन जलभराव की चपेट में है। पानी की निकासी न होने और सरकार द्वारा बर्बाद फसल की गिरदावरी न करवाने से किसानों को भारी आर्थिक नुकसान हुआ है। खाद और बीज की कालाबाजारी ने किसानों की मुसीबतें और बढ़ा दी हैं। सावनी की फसल बर्बाद होने के बाद अब किसान आषाढ़ी की बिजाई के लिए खाद और बीज के लिए धक्के खाने को मजबूर हैं। खेतिहर मजदूरों की आजीविका पर भी संकट छा गया है। जलभराव ने मकानों और रिहायशी इलाकों को भी बुरी तरह प्रभावित किया है, लेकिन सरकार ने किसानों और मजदूरों की कोई सुध नहीं ली है। सरकार गीता जयंती और अन्य आयोजनों पर फिजूलखर्ची कर बजट बर्बाद कर रही है, जबकि किसान और मजदूर त्राहि-त्राहि कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि किसान हरियाणा की अर्थव्यवस्था की रीढ़ की हड्डी है। अगर किसान और मजदूर खुशहाल नहीं होंगे तो प्रदेश की तरक्की के कोई मायने नहीं है। उन्होंने राज्य सरकार से मांग करते हुए कहा कि इस साल को प्राकृतिक आपदा वर्ष घोषित किया जाए और किसानों को प्रति एकड़ 70 हजार रुपये का मुआवजा दिया जाए।

## भाषण से बताया वन्दे मातरम् गीत का महत्व



झज्जर। कार्यक्रम में उपस्थित शिक्षक एवं विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

झज्जर। स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ एडवांस स्टडीज इन टीचर एजुकेशन में शुक्रवार को वंदे मातरम गीत की 150वीं वर्षगांठ मनाई गई। कार्यक्रम की शुरुआत वंदे मातरम के सामूहिक गायन से हुई। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने देशभक्ति एवं सांस्कृतिक प्रस्तुति तथा भाषणों के माध्यम से वंदे मातरम गीत के महत्व और भारत के स्वतंत्रता संग्राम में इसके योगदान को उजागर किया।

## विद्यार्थियों ने गाया वन्दे मातरम् गीत



झज्जर। प्रार्थना सभा में वन्दे मातरम् की प्रस्तुति देते हुए शिक्षक एवं विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

झज्जर। दीपचंद पब्लिक स्कूल में वंदे मातरम के 150 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में चौथी से बारहवीं कक्षा तक के विद्यार्थियों ने वंदे मातरम गीत गाकर देशभक्ति का परिचय दिया। स्कूल निदेशक जय विकास ने अपने संबोधन में कहा कि वंदे मातरम एक प्रेरणादायक गीत है, जिसने पीढ़ियों को प्रेरित करते हुए उनमें देशभक्ति की भावना को जगाया है। यह गीत बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय द्वारा 7 नवंबर 1875 को अक्षय नवमी पर लिखा गया था। इसे उनके उपन्यास आनंदमठ के अंतर्गत बंगदर्शन पत्रिका में पहली बार प्रकाशित किया गया। इस मौके पर ग्रुप के चेयरमैन युद्धवीर, प्रबंधक निदेशक संदीप, हरीश व सुमित चावला सहित अन्य भी उपस्थित रहे।

**यह गीत बंकिम चंद्र द्वारा 7 नवंबर 1875 को अक्षय नवमी पर लिखा गया था**

# विभिन्न प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा



झज्जर। न्यूटन स्कूल में शुक्रवार को टेलेंट शो का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्री-नर्सरी से दूसरी कक्षा तक के विद्यार्थियों ने भाग लिया। नन्हे- मुन्ने विद्यार्थियों ने सामूहिक नृत्य, योगा, अपना और अपने परिवार का परिचय, कविता, मॉडलिंग, सोलो डांस आदि की प्रस्तुति दी। विद्यार्थियों ने मेरा दीवानापन, चंदा मामा दूर के, लुंगी डांस, हवा हवाई, ऊंचा- नीचा रास्ता आदि गीतों पर आकर्षक नृत्य प्रस्तुत किया। निदेशक बालेश कादियान, मनोज भारद्वाज, अश्वनी खासा, प्रबंधक रोहताश सिंह, मुख्याध्यापिका उर्मिल बेनीवाल ने प्रतिभागियों को उपहार देकर सम्मानित किया।

# संतोष निर्विरोध चुनी गईं हरको बैंक की निदेशक



झज्जर। नव निर्वाचित निदेशक को पुष्प गुच्छ भेंट करते चेयरमैन जोगेंद्र माछरौली व अन्य।

- संतोष चाहर को चंडीगढ़ भेजने का निर्णय लिया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

लघु सचिवालय परिसर स्थित बैंक मुख्यालय के कॉन्फ्रेंस हॉल में झज्जर केंद्रीय सहकारी बैंक लिमिटेड की निदेशक मंडल की बैठक चेयरमैन जोगेंद्र माच्छरौली की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में हरियाणा राज्य सहकारी बैंक में निदेशक भेजे जाने से संबंधित एजेंडा पर विस्तार से चर्चा की गई।

मीडिया प्रभारी लोकेश शर्मा ने बताया कि राज्य के प्रत्येक जिला केंद्रीय सहकारी बैंक से चुनावी प्रक्रिया के तहत एक निदेशक हरको बैंक के निदेशक मंडल में शामिल किया जाता है। झज्जर केंद्रीय सहकारी बैंक का यह पद इस बार महिला आरक्षित था। बैठक में सर्वसम्मति से संतोष चाहर को निर्विरोध रूप से हरको बैंक का निदेशक चुना गया और उन्हें चंडीगढ़ भेजने का निर्णय लिया गया।

# स्टेट मुक्केबाजी में जिले के खिलाड़ियों ने जीते मेडल



झज्जर। कोच हितेश देशवाल के साथ उपस्थित विजेता खिलाड़ी। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

- खिलाड़ियों ने पहली बार वरिष्ठ आयु वर्ग में पांच स्वर्ण पदक तथा तीन रजत पदक के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया

राजीव गांधी स्टेडियम रोहतक में तीन से सात नवंबर तक आयोजित 27वीं हरियाणा स्टेट मुक्केबाजी गेम्स में स्थानीय महर्षि दयानंद सरस्वती खेल स्टेडियम के खिलाड़ियों ने कई पदक जीत कर जिले का नाम रोशन किया है। बॉक्सिंग कोच हितेश देशवाल ने बताया कि जिले के खिलाड़ियों ने पहली बार वरिष्ठ आयु वर्ग में पांच स्वर्ण पदक तथा तीन रजत पदक के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया। अंडर-19 आयुवर्ग में दो स्वर्ण पदक तथा कांस्य पदक हासिल किया। उन्होंने बताया कि अंडर-19 आयु वर्ग के 50 केजी भार वर्ग में तमिल, 75 केजी भार वर्ग में अभिनव बल्हारा तथा लड़कियों की स्पर्धा में 70 किलोग्राम भार वर्ग में तेजस्वी तथा 60 किलोग्राम भार वर्ग में तनीषा जांगड़ा ने स्वर्ण पदक जीता। सीनियर वर्ग में प्रियांशु डबास ने 55 किलोग्राम भार वर्ग तथा आकाश ने 75 किलोग्राम भार वर्ग, यश ने 85 किलोग्राम भारवर्ग तथा सागर नारा ने 90 किलोग्राम भार वर्ग में स्वर्ण पदक हासिल किया। इसके अलावा जहां रीतु ने 80 किलोग्राम भार वर्ग तथा कनिका खटक ने 70 किलोग्राम भार वर्ग में रजत पदक हासिल किया वहीं शुभम देशवाल ने 50 किलोग्राम भार वर्ग में कांस्य पदक जीत कर जिले का गौरव बढ़ाया। इस उपलब्धि पर जिला खेल अधिकारी सत्येंद्र कुमार ने विजेता खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

NOTICE

I, Vikrant S/o Ramphal Khatri R/o H. No. 15/25, Sadha Wali Gali, Jatwara Mohalla, Bahadurgarh, Distt. Jhajjar, HR. declare that I have changed my name from Vikrant to Vikrant Khatri for all future purposes.

राजकीय प्रतियोगिता में महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया

# सड़क सुरक्षा नियम प्रतियोगिता में तनुज व दीपक रहे प्रथम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

राजकीय महाविद्यालय दुजाना में रोड सेफ्टी क्लब द्वारा सड़क सुरक्षा नियमों पर आधारित निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम संयोजिका डॉक्टर सिल्की जैन ने बताया कि प्राचार्य डॉक्टर राजेश कुमार की अध्यक्षता में आयोजित इस प्रतियोगिता में महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को यातायात नियमों बारे में जागरुक करना, सुरक्षित व्यवहार व नियमों से अवगत कराना रहा। प्रतियोगिता परिणामों में तनुज व दीपक ने संयुक्त रूप से प्रथम तथा रोहन, मंजीत व अंकित ने संयुक्त रूप से द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इसके अलावा महाविद्यालय में डॉक्टर संदीप कुमार के मार्गदर्शन में अंतर कक्षीय प्रश्नोत्तरी का आयोजन भी किया गया। जिसमें टीम बी ने प्रथम तथा टीम ए के विद्यार्थियों ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।



झज्जर। प्रतियोगिता में भाग लेते हुए विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

## रोड सेफ्टी क्विज में छात्राओं ने दिखाई प्रतिभा



झज्जर। रोड सेफ्टी क्विज में भागीदारी करती छात्राएं। फोटो : हरिभूमि

झज्जर। इंदिरा प्रियदर्शिनी महिला महाविद्यालय में शुक्रवार को रोड सेफ्टी क्विज का आयोजन किया गया। क्विज प्रतियोगिता में महाविद्यालय की छात्राओं की बढ़ चढ़कर भागीदारी करते हुए अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता परिणामों में लकिता, दीपिका, वीनिका व मोनिका की टीम को पहला, मोनिका, चाहत, आंचल, किरण व स्नेहा की टीम को दूसरा तथा निशा, महक, यशिका बजाज, स्नेहा, भूमिका व प्रगति आर्य की टीम को तीसरा स्थान मिला।


ON ALL MRP 6% OFF
Elenta Mart
A PERFECT HYPERMARKET
UPTO 80% OFF
SUPER DEAL OF THE WEEK
ON SHOPPING OF ₹4999 & ABOVE FREE
*T&C APPLY
Only one offer can be claimed per bill.
2 LTR
1 LTR
ON SHOPPING OF ₹2999 & ABOVE FREE
*T&C APPLY
Only one offer can be claimed per bill.
01 Nov. to 20 Nov.
ROHTAK BAHADURGARH JHAJJAR DIGHAL SAMPLA GOHANA KARNAL
24 MANTRA ATTA 5KG BUY 1 GET 1 FREE
BREGANO PASTA ALL VARIANTS BUY 1 GET 1 FREE
TOPS TOMATO KETCHUP 850GM BUY 1 GET 1 FREE
WELCOME'S SPICES (SELECTED VARIANTS) BUY 1 GET 1 FREE
DEHAAT TOOR DAL BUY 1 GET 1 FREE
UNIFIT MUSELI 375GM BUY 1 GET 1 FREE
CONTINENTAL COFFEE SMOTHH RICH BUY 1 GET 1 FREE
1 L 24 MANTRA MUSTERD OIL BUY 1 GET 1 FREE
500 GM GM POHA BUY 1 GET 1 FREE
1 kg Nilons pickel 1kg BUY 1 GET 1 FREE
250 GM DEHAAT MAKHANA BUY 1 GET 1 FREE
500 GM KKK SAKTI BHOG SOOJI/MAIDA BUY 1 GET 1 FREE
CATCH MASALA ALL VARIENT 25% OFF ON MRP
330 GM XCITE NOODLES BUY 1 GET 1 FREE
BTW NAMKEEN ALL VARIENT BUY 1 GET 1 FREE
250 ML HURRICANE ENERGY DRINK BUY 1 GET 1 FREE
600 ML BISLERI SPICE JEERA BUY 1 GET 1 FREE
SATMOLA NAMKEEN ALL VARIENT BUY 1 GET 1 FREE
10kg FORTUNE ATTA @ ₹410 + 400G TOPS TOMATO KETCHUP FREE
1 L PRABHAS GHEE (1 LTR) BUY 1 GET 1 FREE
800 ML NOVA GHEE (800ML) @ ₹539
900 ML ANANDA GHEE (900ML) @ ₹569
1KG RAJDHANI BESAN (1 KG) @ ₹92
1 KG TATA TEA PREMIUM @ ₹349
1 L PREET LITE GHEE @ ₹315
1kg TAJ MAHAL TEA @ ₹549
5kg LOOSE SUGAR 5 KG @ ₹230
750g FORTUNE SOYABEAN OIL @ ₹129
1 L Bail Kolhu Kachi Ghani Mustard Oil @ ₹169
1 L FORTUNE PURE MUSTARD OIL 1LTR @ ₹179
Rohtak, Bus Stand
Bus Stand Rd, adjacent to D2M Hotel, near New, Vikas Nagar, Rohtak
Contact: +91-8199999480
Rohtak, Model Town
NEAR APEX HOSPITAL Model Town, Rohtak
Contact: +91-9350999480
Karnal
Meerut - Karnal Rd, near Devilal Park, Rajinder Nagar, Sector 14, Karnal
Contact: +91-90530 86555
Dighal
Sampla Beri Road, Dighal.
Contact: +91-7419202127
Bahadurgarh
Ammarta Arcade Mall, Opposite Metro Pillar No. 816, Bahadurgarh.
Contact: +91-9992296899
Sampla
Elenta Mart,Old Delhi Road, Opposite Beri Mod, Sampla.
Contact: +91-8930062800
Gohana
Elenta Mart, Old Bus Stand Road, Near Narwal Petrol Pump, Gohana.
Contact: +91-7419002626
Jhajjar
W9 Shop No. 771, Bhagat Singh Chowk, Jhajjar.
Contact: +91-8750187531
Sonipat
ITI Chowk, near Sai Mandir, Kabirpur, Sonipat, Haryana.
Contact: +91 90530 87555
Zirakpur
Opera Garden Complex, Kishanpura (near Sector 20, Dhakoli)
Contact: +91 90530 87555
UPCOMING BRANCHES
Sirsa Ghaziabad Hisar Mohali Bhivani Pinjor
FOLLOW US ON :
elenta_mart
elenta mart
Offers and prices may vary from branch to branch.
PRICES ARE SUBJECT TO CHANGE WITHOUT PRIOR NOTICE.
TERMS & CONDITION :
*STORE IS FREE TO WITHDRAW ANY SCHEME ANYTIME *SCHEME VALID ONLY TILL STOCKS LAST* STORE IS FREE TO DECIDE QUANTITY OR PRODUCT GIVEN UNDER ANY SCHEME *ELENTA MART WILL NOT BE RESPONSIBLE FOR ANY KIND OF MISPRINT IN THE PAMPHLET *PRODUCT IMAGES ARE FOR ILLUSTRATIVE PURPOSES ONLY *TWO OFFERS WILL NOT BE CLUBBED TOGETHER BESAN & SUGAR SCHEME IS NOT APPLICABLE TO GHEE, EDIBLE OIL, ATTA, SUGAR, AND PAMPHLETS OFFER ITEMS. *All Products are subject to availability & Some Items/Schemes may not be available at some stores. *Some offers may not be applicable on online shopping.